>

Title : Need to start a local train from Bokaro to Adra.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहूंगा कि बोकारो स्टील स्टेशन से आद्रा स्टेशन वाया भोजूडीह तक दूरी करीब सौ किलोमीटर है। इस रास्ते से खासकर गरीब लोगों को आने-जाने के लिए एक भी लोकल ट्रेन नहीं है जबकि जगह-जगह स्टेशन तथा हॉल्ट बने हुए हैं। इस रास्ते से एक्सप्रैस ट्रेन चला करती है। यह रास्ता दो राज्यों -- झारखंड तथा बंगाल के प्रमुख स्थानों को जोड़ता है। जहां बोकारो स्टील प्रमुख स्टेशन है वहीं आद्रा रेल का मंडलीय कार्यालय है तथा बीच में भोजूडीह तथा संथालडीह स्थान है जिसमें कोलवाशरीज भी है।

अतः मैं सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि जनहित में बोकारो से आद्रा में लोकल ट्रेन चलायी जाये।

MR. CHAIRMAN : Thank you very much. The House stands adjourned to meet tomorrow the 31st July 2009 at 11 am.

<u>18.13 hrs</u>

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Friday, July 31, 2009 / Sravana 9, 1931 (Saka).